भारतीय विमानन प्रणाली की सुरक्षा

drishtiias.com/hindi/printpdf/safety-of-india-avian-system

संदर्भ

भारतीय नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) इस वर्ष नवंबर में संयुक्त राष्ट्र संघ के निकाय अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) द्वारा की जाने वाली सुरक्षा लेखा परीक्षा की तैयारी कर रहा है। भारतीय डीजीसीए स्वयं को 2012 के लेखा परीक्षा की शर्मिंदगी से बचाने के लिये कई सारे कदम उठा रहा है। वर्ष 2012 आईसीएओ द्वारा किये गए लेखा परीक्षा में भारतीय विमानन प्रणाली की सुरक्षा उपायों पर प्रश्न उठाया था।

प्रमुख बिंदु

- अगले महीने आईसीएओ द्वारा उसके सार्वभौम सुरक्षा पर्यवेक्षण लेखा परीक्षा कार्यक्रम के तहत पूछे जाने वाले प्रश्नों का जवाब डीजीसीए को देना होगा। जिसके पश्चात 1 से 16 नवंबर के बीच आईसीएओ के अधिकारी यहाँ निरीक्षण के लिये आएंगे।
- डीजीसीए द्वारा किये जा रहे उपायों में उड़ान संचालन निरीक्षकों की भर्ती करना, आईसीएओ के मानदंडों के साथ अपने नियमों को संरेखित करन तथा कुछ अन्य उपाय शामिल हैं। डीजीसीए ने इसके लिये 67 फ्लाइट निरीक्षकों को नियुक्त किया है।
- फ्लाइट निरीक्षकों के पद को और आकर्षक बनाने के लिये उसने उन्हें बाज़ार के अनुसार वेतन देने का फैसला किया है।
- डीजीसीए ने अपने नियमों को, जिन्हें नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं के रूप में जाना जाता है, आईसीएओ के मानदंडों के साथ गठजोड़ किया है।
- विमानन नियामक ने सुरक्षा अनुपालन के लिये हर महीने एयरलाइंस और हवाई अड्डों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर रहा है।
- इसके अलावा, डीजीसीए ने एयरलाइंस उड़ान परीक्षण और तकनीकी परीक्षा आयोजित करने के लिये निर्दिष्ट उड़ान परीक्षार्थी नियुक्त करने की अनुशंसा करने की अनुमति देने के लिये नियम जारी किये हैं।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय

यह भारतीय विमानन क्षेत्र का नियामक निकाय है।

अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन क्या है ?

- यह संयुक्त राष्ट्र का एक निकाय है। यह अंतर्राष्ट्रीय विमानन नौवहन के सिद्धांत और तकनीक को नियमित करता है।

- इसके अलावा यह कानून, संगठन, लाइसेंसिंग, संचालन, वायुमार्ग, दुर्घटना की जाँच, एयर नेविगेशन और एयरोड्रोम से संबंधित क्षेत्रों में लेखा परीक्षा भी करता है।
- इसका मुख्यालय मोंट्रियल, कनाडा में है।